पुस्तकालय
2589
3/4/07

सत्यमेव जयते

23 MAR 2007

असंशोधित

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग I—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर )

प्रतिवेदन शाखा
गै०स०प्रे०सं०....910..... तिथि 3/4...

बि०स० मु० (एल० ए०) 220—मानो—1,000—8-6-2004

**तारांकित प्रश्न संख्याः १७६०(श्री भोला सिंह) क्रमशः**

श्री नरेन्द्र नारायण यादव, मंत्रीः क्रमशः भारत सरकार के वार्षिक लक्ष्य के अनुरूप यह लक्ष्य होगा महोदय। महोदय, विकास दर के लिए तीन आधारभूत क्षेत्रों में प्रगति का लक्ष्य प्राप्त करना है। नये कार्य के अवसर का सृजन ५०लाख व्यक्तियों के लिए महोदय, यह सृजन हम करने जा रहे हैं। महोदय, गरीबी रेखा से नीचे वाले व्यक्ति, जो अभी हमारे राज्य में ४१.५ प्रतिशत हैं, उनको हम २०१२ तक २८.४प्रतिशत पर लायेंगे और साक्षरता की जो वर्तमान दर है, ४६परसेंट, उसको हम २०१२तक ६४प्राप्त करने का हमारा लक्ष्य है। वर्तमान में साक्षरता दर ४६परसेंट है, उद्योग नीति को भी हम मजबूत करने के लिए जा रहे हैं और आप जानते हैं महोदय कि भारी संख्या में हमारे राज्य में लोग यहां पूंजी निवेश करने के लिए आए हैं, उससे भी हमारी उत्पादकता दर बढ़ेगी और हमारी सरकार इसमें सतत प्रयत्नशील है कि पहले हम ८.५प्रतिशत का जो वार्षिक दर है, उसको प्राप्त करेंगे और फिर हम संसाधन जुटाने का प्रयास करेंगे महोदय, और माननीय भोला बाबू ने जिस दर की चर्चा की है, हर सरकार चाहती है उस दर को हम बढ़ावें, विकास दर को ऊंचे ले जाएं, लेकिन विगत १५वर्षों में जो राज्य की दुर्दशा रही, महोदय, वह किसी से छिपी नहीं है । उनको ठीक करने में निश्चित रूप से हमें वक्त लगेगा और हम प्रयत्नशील हैं कि विकास दर की गति को हम बढ़ावें, राज्य को उच्च शिखर पर लावें और उसमें माननीय भोला बाबू के भी अच्छे सुझाव की आवश्यकता है महोदय ।

**तारांकित प्रश्न संख्याः १७६१(श्री रमेश ऋषिदेव)**

श्री चन्द्रमोहन राय, मंत्रीः माननीय अध्यक्ष महोदय, १- अंशतः स्वीकारात्मक है ।

मधेपुरा जिला अस्पताल में डा० उषारानी जायसवाल और डा० श्रीमती किरण कुमारी पदस्थापित हैं, जो क्रमशः१-८-२००५एवं २५-२-२००७ से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं। स्पष्टीकरण पूछ कर अनुशासनिक कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में संविदा के आधार पर चिकित्सक नियुक्ति का मामला अंतिम चरण में है। प्रक्रिया पूरी हो जाने एवं महिला चिकित्सक की उपलब्धता की स्थिति में जिला अस्पताल में प्राथमिकता के आधार पर महिला चिकित्सक पदस्थापित किया जाएगा ।

श्री रमेश ऋषिदेवः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि दो वर्ष, तीन वर्ष से जो महिला डाक्टर नहीं है और पूरे मधेपुरा जिला का सवाल है, जिला में एक भी महिला डाक्टर नहीं है, दो साल से नहीं है, तो माननीय मंत्री जी, जो दो साल से महिला डाक्टर वहां नहीं जाती है, उनके उपर कठोर कार्रवाई करेंगे और अविलंब दूसरा कोई डाक्टर को अविलंब पदस्थापित करेंगे ?

श्रीमती रेणु कुमारीः अध्यक्ष महोदय, अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने कहा कि नियुक्ति होगी, अभी नियुक्ति की बात नहीं है, पूरे जिले की बात है, पिछड़ा इलाका है, हाहाकार है, जो नियुक्त है पटना में या अन्य जिलों में, उसी में से ले कर भेजेंगे और डाक्टरनी छुट्टी मना रही हैं उनको थोड़ा सस्पेंड करेंगे ?

अध्यक्षः सस्पेंड कोई पनिश्मेंट नहीं है डाक्टर्स के लिए रेणु जी ।

श्री चन्द्रमोहन राय, मंत्रीः माननीय अध्यक्ष महोदय, जो २००५ से अनुपस्थित हैं, उनके खिलाफ अनुशासन की कार्रवाई अंतिम चरण में है और एक महिला २००७ में अनुपस्थित हुईं, उनके खिलाफ प्रौसिडिंग जारी करने का आदेश, स्पष्टीकरण पूछने का किया गया है.... क्रमशः

तारांकित प्रश्न संख्या-१७६१ का पूरक ..क्रमशः..

श्री चन्द्रमोहन राय, मंत्री : ..क्रमशः.. और जैसा मैंने कहा, बहुत सारे जिलों में चयन की प्रक्रिया पूरी हो गई है और निश्चित रूप से कहीं कम या कहीं ज्यादा लेडी डॉक्टर उपलब्ध हो रही हैं, जैसे- पटना में ज्यादा उपलब्ध हो रही हैं, कहीं कम उपलब्ध हो रही हैं । मधेपुरा में अगर एक भी लेडी डॉक्टर होती हैं, निश्चित रूप से होंगी, उसको प्राथमिकता के आधार पर पहले मधेपुरा जिला सदर अस्पताल में पदस्थापित किया जायेगा । यह मैंने आश्वासन दिया ।

( व्यवधान )

अध्यक्ष : माननीय सदस्य, रामेश्वर जी, आप घड़ी देखिये ।

वहाँ मधेपुरा में महिला डॉक्टर की पदस्थापना करेंगे शीघ्रातिशीघ्र ।

( व्यवधान )

अध्यक्ष : शांतिःशांति । दिनेश जी । शीघ्रातिशीघ्र वहाँ महिला डॉक्टर की पदस्थापना करेंगे जिला सदर अस्पताल में ।

अब प्रश्नोत्तर काल समाप्त हुआ । जिन प्रश्नों के उत्तर तैयार हों, उसे सभा पटल पर रख दिया जाय ।